झारखंड नेत्र सोसाइटी को देश की सर्वश्रेष्ठ नेत्र सोसाइटी का सम्मान

चर्चा में क्यों?

14 मई, 2023 को केरल के कोच्चि शहर में स्थित लूलू बोल्गटी इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित 80वें वार्षिक सम्मेलन में ऑल इंडिया नेत्र सोसाइटी ने झारखंड नेत्र सोसाइटी को बेस्ट स्टेट सोसाइटी के राष्ट्रीय अवार्ड से नवाज़ा है।

प्रमुख बिंदु

- मेट्रोमैन ई श्रीधरन और ऑल इंडिया नेत्र सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ हरबंश लाल एवं पूर्व अध्यक्ष डॉ ललित वर्मा के हाथों से झारखंड नेत्र सोसाइटी की साइंटिफिक कमेटी की मैनेजिंग कमेटी मेंबर सह चेयरपर्सन डॉ. भारती कश्यप ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।
- झारखंड नेत्र सोसाइटी को अति विशिष्ट ट्रॉफी वैज्ञानिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के लिये प्रदान की गई है।
- डॉ. भारती कश्यप ने बताया कि इसके लिये झारखंड से मैनेजमेंट कमेटी सदस्यों को राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नेत्र चिकित्सा के पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों के प्रशिक्षण, ग्लूकोमा, नेत्रदान, मोतियाबिंद, डायबिटिक रेटिनोपैथी आदि के लिये जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया।
- राज्य के जिन संस्थानों एवं नेत्र चिकित्सकों ने अपने कार्यों से देश भर की संस्थाओं को प्रभावित किया है, उनमें कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल, बोकारो जेनरल हॉस्पिटल, गांधीनगर हॉस्पिटल, सीसीएल और राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) राँची शामिल हैं। डॉ एनडी मिश्रा, डॉ पिकी पाल, डॉ. राशिश्याम, डॉ. विवक केडिया, डॉ. विनय गुप्ता ने सराहनीय काम किये हैं।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jharkhand-eye-society-was-honoured-as-the-country-s-best-eye-society